राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : भूगोल

पाठ 1: विषय के रूप में भूगोल का स्वरूप

कार्यपत्रक - 1

1. अपने दैनिक जीवन की किन्हीं 4 गतिविधियों की पहचान कीजिये जिनके लिए भौगोलिक ज्ञान का प्रयोग आवश्यक होता है।
   i. ____
   ii. ____
   iii. ____
   iv. ____

2. मानव भूगोल की विभिन्न शाखाओं के अंतर्गत किन घटनाओं का अध्ययन किया जाता है?किन्हीं चार शाखाओं का नाम लिखते हुए प्रत्येक के दो-दो उदाहरण अपने आस-पास से दीजिये।
   i. ____________________,उदाहरण:______________________________
   ii. ____________________, उदाहरण::______________________________
   iii. ____________________, उदाहरण::______________________________
   iv. ____________________, उदाहरण::______________________________

3. दिव्या एक युवा ऊर्जावान छात्रा है। वह भारत के तटीय क्षेत्रों की यात्रा करना चाहती है ताकि वह लोगों के जीविकोपार्जन पर समुद्र के प्रभाव का अध्ययन कर सके। साथ ही, वह यह भी जानना चाहती है कि समुद्र ने उनके दैनिक जीवन, रीति-रिवाजों और परम्पराओं को कैसे प्रभावित किया है। वह तटीय क्षेत्रों के प्राकृतिक सौन्दर्य से भी प्रभावित है और वह वहाँ के लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव का भी अध्ययन करना चाहती है।

   इन क्रियाकलापों को करने के लिए उसे भूगोल की कितनी शाखाओं के अध्ययन की आवश्यकता है? उन शाखाओं के नाम लिखिए और यह भी बताइएकि यह कैसे दिव्या को अध्ययन में सहायता करेंगी?

4. भौतिक भूगोल भौतिक घटनाओं के अध्ययन से संबन्धित है। ऐसी किन्ही 6 घटनाओं का चित्र एक ए4 शीट पर चिपकाइए जिनका अध्ययन आप भौतिक भूगोल के अंतर्गत करना चाहते हैं।

5. जीआईएस तकनीक का आविष्कार मानचित्र विज्ञान के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। इसने ज्यादा प्रभावी मानचित्रों के निर्माण तथा विशेषकर आपदा के दौरान समयबद्ध वास्तविक स्थिति बताने में बहुत सहायता की है। कल्पना कीजिये कि आपने जीआईएस तकनीक का अध्ययन किया है तो प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आप लोगों की सहायता कैसे करेंगे?

6. अगर आपको उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम पूरा करने के पश्चात आगे भूगोल विषय पढ़ने का अवसर मिले तो आप भूगोल की किस शाखा का अध्ययन करेंगे? आप अपनी पसंद की 6 शाखाओं की सूची बनाइए और उचित कारण भी दीजिए।

7. एक विषय के रूप मेंभूगोल के विकास की समय रेखा बनाइए।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : भूगोल

पाठ 1: विषय के रूप में भूगोल का स्वरूप

कार्यपत्रक - 1

8. भूगोल की शाखाओं का एक प्रावाह आरेख बानाइए और प्रत्येक के लिए एक उदाहरण भी दीजिये।

9. 'भूगोल का विषयक्षेत्र समय के साथ परिवर्तित हुआ है?' भौगोलिक अध्ययन के अंतर्गत पढ़े जाने वाले विषयक्षेत्रों में आप किस प्रकार का परिवर्तन अनुभव करते हैं?

10. अगर आप अपने आस-पास का अध्ययन मानव भूगोल के आधार पर करना चाहते हैं तो किन विषयक्षेत्रों को आप अध्ययन में सम्मिलित करेंगे? प्रत्येक के लिए एक उदाहरण दीजिये।

***